कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

www.nnindianews.com

वर्ष :03, अंक :–305, पृष्ठ : 12 | मूल्य– 04.00 रुपये मात्र | बुधवार, 15 मई, 2024

NNI
हर ख़बर पर पक्की नज़र





# कब्रिस्तान की जमीन पर बंदरबांट की साजिश



एनएनआई

**अछनेरा।** विकासखंड अछनेरा के गांव रायभा में मगुर्रा मार्ग पर स्थित ढाई सौ वर्ष पुराने कब्रिस्तान की बेशकीमती जमीन को कब्जाने के लिए साजिश रची जा रही है जमीन को घेरने के लिए भरकस प्रयास में लगे लोगों ने विगत दिनों में कब्रिस्तान की जमीन पर बनी कब्रों के ऊपर पास में ही चल रहे गंगाजल प्रोजेक्ट की मिट्टी को कब्रिस्तान में डलवा दिया था। मुस्लिम समाज के लोगों ने मामले में आपत्ति जताई थी। प्रकरण में स्थानीय पुलिस को सूचित करते हुए रालोद किसान नेता चौधरी दिलीप सिंह की अगुवाई में एसडीएम किरावली को ज्ञापन भी सौंपा गया था। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने कब्रिस्तान में मिट्टी के जमाव को रुकवाया गया था। लेकिन रविवार रात को कब्रिस्तान में कुछ लोगों द्वारा कब्रों के ऊपर ट्रेक्टर चला दिया गया। समाज के लोगों को दलील दी गई है कि विद्यालय के लिए ग्राउंड बनाया जा रहा है। कब्रों पर ट्रेक्टर गलती से चल गया होगा वहीं सोमवार को कब्रिस्तान में ठेकेदार द्वारा स्कूल की नींव खुदवा दी गयी एवं पुनः मिट्टी के ढेर कब्रिस्तान में करते हुए कब्रों के ऊपर ट्रेक्टर चला दिया गया। गुस्साए मुस्लिम समाज के लोगों ने मंगलवार को रालोद नेता चौधरी दिलीप सिंह व ग्राम प्रधान रवि शर्मा के साथ एसडीएम किरावली से मिलने पहुँचे एवं मामले से अवगत कराया।

एसडीएम किरावली दिव्या सिंह के अनुसार अभिलेखों में कब्रिस्तान की जमीन दर्ज नहीं है मुस्लिम समाज के लोगों ने एसडीएम किरावली को ज्ञापन सौंपकर एवं जमीन को कब्रस्थान में दर्ज करवाने की मांग की गयी। वहीं मुस्लिम समाज के अनुसार एसडीएम किरावली ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया है रालोद नेता चौधरी दिलीप सिंह ने बताया कि गुरुवार को मंडलायुक्त आगरा से मिलकर समस्या को उठाया जायेगा एवं मुस्लिम समाज को न्याय दिलवाएंगे।

इस दौरान रालोद नेता चौधरी दिलीप सिंह,रायभा प्रधान रवि शर्मा,भूपेंद्र इन्दौलिया,गंगाराम माहौर,बाबूलाल वाल्मीकि, किशन शर्मा,हाजी नस्सो उस्मानी, हातिम खान, सलीम खान, अलीमुद्दीन, निजाम, बबलू खान, आसिफ, रमजानी खान अन्य लोग मौजूद रहे।

# फोटोग्राफर के घर में चोरी

**कागारौल एनएनआई।** थाना क्षेत्र कागारोल में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। ग्रामीण क्षेत्र में चोरों के आतंक से ग्रामीण भयभीत नजर आ रहे हैं। क्षेत्र में चोरों का गैंग सक्रिय है जो आये दिन एक नई चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती पर चुनौती दे रहा है। रात के अंधेरे में चोर माल पर हाथ साफ कर फरार हो जाते हैं और इलाकाई पुलिस लकीर पीटती हुई नजर आ रही है। रात अज्ञात चोरों ने कागारोल थाना क्षेत्र के गांव दयोरेठा में एक फोटोग्राफर के घर को अपना निशाना बना लिया। आधी रात को चोर घर में घुस आये और इत्मीनान से घर को खंगाल डाला। गाँव के भगवान दास शादियों में फोटोग्राफी का काम करते हैं। सोमवार की रात वह शादी में फोटोग्राफी का काम करने गए थे। घर में उनके माता-पिता व धर्मपत्नी सो रही थी। पीछे से आए चोरों ने घर से सोने चांदी के जेवरात व ड्रोन कैमरा खरीदने के लिए जमा की गई धनराशि को भी चोर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने पुलिस को अज्ञात चोरो के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है।



# चैतन्य ने सीबीएसई 10वीं में हासिल किए 91% अंक



**आगरा एनएनआई।** शहर के बंसल परिवार का बेटा चैतन्य बंसल, छात्र (डीपीएस) ने सीबीएसई बोर्ड, हाईस्कूल में 91% अंक लाकर आगरा के मेधावी छात्रों मे अपना नाम अंकित कराया है। वे फ्रीगंज निवासी, प्रतीक बंसल एवं 'सेवा आगरा' की संस्थापक सदस्य पूर्वका बंसल के सुपुत्र हैं। उनके पिता प्रमुख टिम्बर व्यवसाई हैं। माँ पूर्वका बंसल ने बताया कि बेटा चैतन्य बंसल ने उच्च अंक प्राप्त किए, जिससे परिवार के सभी सदस्यों में हर्ष का माहौल है। सभी बेटे को शुभकामनाएं प्रेषित कर रहे हैं कि बेटे ने ऐसा मेधावी कार्य किया है। 'सेवा आगरा' भी उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

# बटेश्वर का मोक्षधाम बदहाल, उठी जीर्णोद्धार की मांग

एनएनआई



**बाह।** बटेश्वर के मोक्षधाम में बाह तहसील के अधिकांश गांवों के लोग शवों का अंतिम संस्कार होता है। 2 साल पहले बारिश के दिनों में मोक्षधाम का बरामदा भरभराकर गिर गया था। अंतिम संस्कार स्थल का टिनशेड भी गलकर नष्ट हो गया है। आलम ये है कि शव के अंतिम संस्कार के लिए सुरक्षित जगह नहीं बची है। सफाई कर्मी सुभाष ने बताया कि बारिश के दिनों में अंतिम संस्कार मुमकिन नहीं है। एक तो बरामदा और टिनशेड न होने की बजह से लोगों के रुकने तक का इंतजाम नहीं है। दूसरे यमुना के टीलों के धसकने से हादसे का खतरा भी रहता है। कई बार शिकायतें करने के बाद भी बटेश्वर के मोक्षधाम का जीर्णोद्धार नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक और तहसील स्तर पर शिकायत करने के बाद भी पीने के पानी के लिए सबमर्सिबल नहीं लग सका है। हेंडपंप के भरोसे प्यास बुझती है। क्षेत्रीय लोगों सुरेश चन्द्र शर्मा, जगदीश प्रसाद, पुरषोत्तम सिंह, कालीचरन, किताब सिंह, राकेश कुमार, निरंजन सिंह, तपेन्द्र सिंह आदि ने मुख्यमंत्री से मोक्षधाम के जीर्णोद्धार की मांग की है। इस संबंध में पूछे जाने पर बाह के एडीओ पंचायत नरेश सिंघल ने बताया कि वन विभाग की आपत्ति की बजह से जीर्णोद्धार का काम रुका पड़ा है। अनुमति मिलते ही जीर्णोद्धार के साथ ही रास्ते के निर्माण का काम शुरू कराया जाएगा।

# कादरगंज घाट पर बांध निर्माण में लापरवाही

**कासगंज एनएनआई।** समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल कासगंज जिलाधिकारी सुधा वर्मा से मिला। इस प्रतिनिधि मंडल में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी और समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष उमेश चंद्र ने डीएम से मुलाकात कर कादरगंज घाट पर मानकों के हिसाब से काम ना होने की शिकायत की।



उन्होंने बताया कि कादरगंज घाट पर सिंचाई विभाग द्वारा गंगा कटान और बाढ़ को रोकने के लिए प्रोजेक्ट पर पिछले कई महीनो से काम चल रहा है, लेकिन यह कटान रोकने का काम मानक के हिसाब से नहीं हो रहा है। मानक यह कहते हैं की गंगा के बेड से 2 मीटर नीचे तक खोदा जाना चाहिए और वहां से रेत भरी बोरियां रखी जानी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। दूसरी चीज जो मानक के खिलाफ है वह यह है कि बोरियों को नायलॉन की रस्सियों में बांधकर रखा जाना चाहिए ताकि इन रखी गई बोरियों में मजबूती आ सके और यह गंगा के पानी के बहाव में बहें ना, परंतु यह बोरियां नायलॉन की रस्सियों में नहीं बांधी जा रही है। इसी तरह की मानक की धज्जियां बरौना और मिहोला गांव पर भी उड़ाई जा रही हैं। उन्होंने मांग की है कि कासगंज जिला प्रशासन को और कासगंज सिंचाई विभाग को इस तरफ ध्यान देना चाहिए क्योंकि सरकारी पैसे का दुरुपयोग इस तरह नहीं होना चाहिए।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**

RNI Title Code no UPHIN49797

**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

# गेंहू खरीदः पिनाहट के विपणन निरीक्षक को हटाया

**बाह एनएनआई।** गेंहू खरीद में रुचि न लेने वाले पिनाहट के विपणन निरीक्षक खालिद उद्दीन पर गाज गिरी है। जबकि जिले में खरीद का रिकॉर्ड बनाने वाले जरार के केन्द्र प्रभारी उमेश कुमार को शाबाशी मिली है। गेंहू खरीद में रुचि न लेने पर पिनाहट के विपणन निरीक्षक खालिद उद्दीन को हटा दिया गया है। गेंहू खरीद की प्रभारी एवं अपर जिला अधिकारी (नागरिक आपूर्ति) सुशीला अग्रवाल ने खालिद उद्दीन की जगह पर एत्मादपुर के विपणन निरीक्षक ब्रजेश कुमार शर्मा को भेजा है। तब कहीं जाकर 9 किसानों से 251 कुंतल गेंहू की खरीद हो सकी है। वहीं खाद्य विभाग के बाह के जरार में विपणन निरीक्षक उमेश कुमार ने गेंहू खरीद का जिले में रिकॉर्ड बनाया है। अब तक 78 किसानों से 3739 कुंतल गेंहू की खरीद हुई है। उन्होंने बताया कि किसानों के घर और खेत से गेंहू की खरीद की गई है। जिले में दूसरा नंबर अछनेरा का है। यहां पर 62 किसानों से 3289 कुंतल गेंहू खरीदा गया है। जैतपुर में 91 किसानों से 1670 कुंतल गेंहू की खरीद हो सकी है।

Sunday Open
पर्दे ही पर्दे
* Sofa Fabric
* Customise Blinds
* Wallpaper
* Flooring all type
* Grass
* Carpet
* All Furnishing Item
किरन मित्तल
बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने संजय प्लेस,
आगरा मो. 9837261764, 8193034811

कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

बुधवार, 15 मई, 2024 www.nnindianews.com

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र




## ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे सिंधिया का निधन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे सिंधिया का आज सुबह दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया। सुबह 9.28 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली. वह पिछले कुछ दिन से 'वेंटिलेटर' पर थीं। उनका पिछले तीन महीने से एम्स में इलाज किया जा रहा था। वह निमोनिया के साथ-साथ सेप्सिस से भी पीड़ित थीं। पिछले दिनों तीसरे चरण के मतदान (गुना लोकसभा) से ठीक पहले ही ज्यादा तबीयत बिगड़ने की वजह से सिंधिया परिवार की राजमाता को दिल्ली एम्स में भर्ती किया गया था। दिल्ली में निधन के बाद माधवी राजे के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए मध्य प्रदेश के ग्वालियर लाया जाएगा।

### बोले खरगे- चार चरणों के बाद इंडिया गठबंधन मजबूत

# 'मोदी की विदाई तय'

**लखनऊ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लखनऊ में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। अपने संबोधन की शुरूआत उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन के बारे में जानकारी देते हुए की।

उन्होंने कहा कि अब तक चार चरणों के चुनाव हो चुके हैं। इंडिया गठबंधन काफी आगे है। जनता ने नरेंद्र मोदी की विदाई तय कर दी है। कहा कि ये चुनाव विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ वो लोग हैं जो कुछ अमीरों के लिए धर्म का इस्तेमाल कर रहे हैं और दूसरी तरह गरीबों और युवाओं के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये लड़ाई आरक्षण और संविधान बचाने की लड़ाई है। ये चुनाव को देश के भविष्य को संविधान को बचाने के लिए है। संविधान बचेगा तो आरक्षण भी बचेगा।

उन्होंने कहा कि तानाशाही में लोगों के वोट का अधिकार भी सुरक्षित नहीं रहेगा। भाजपा के लोग लोगों को डराकर नामांकन दाखिल नहीं कर दे रहे हैं। हैदराबाद में भाजपा प्रत्याशी मुस्लिम महिलाओं का बुर्का हटाकर देख रही है। यहां तक की बूथ स्तर के कार्यकताओं को भी डराया जा रहा है।




इन सबके बावजूद इंडिया गठबंधन आगे है। भाजपा काफी पीछे है। खरगे ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पर भी निशाना साधा और कहा कि उन्होंने संविधान को बदलने की बात की थी। भाजपा के कई नेता संविधान बदलने की बात करते रहते हैं लेकिन इन सब लोगों को मोदी कभी नहीं मना करते हैं।

#### हम सत्ता में आएंगे तो पांच की जगह 10 किलो अनाज देंगे

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी कहते हैं कि देश के 80 करोड़ गरीबों को हम मुफ्त अनाज दे रहे हैं। उन्होंने ये नहीं बताया कि खाद्य सुरक्षा कानून तो हम लेकर आए। इंडिया गठबंधन की सरकार आएगी तो हम 10 किलो अनाज देंगे। हमने कर्नाटक में किया है तेलंगाना में किया है। प्रेसवार्ता के बाद खरगे अमेठी व रायबरेली में जनसभाओं को भी संबोधित करेंगे। जबकि 17 मई को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की अमेठी व रायबरेली में संयुक्त सभा भी प्रस्तावित है।

#### भाजपा का झूठ जितना परवान चढ़ना था चढ़ चुका है

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा का झूठ जितना परवान चढ़ना था चढ़ चुका है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने वाली है। 4 जून को प्रेस की स्वतंत्रता का दिन भी होगी। भाजपा 140 सीटें भी नहीं पा पाएगी। उनका रथ फंसा ही नहीं धंस गया है।

### 'सुप्रीम' आदेश

## न्यूजक्लिक के फाउंडर को रिहा करने के आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूएपीए के तहत जेल में बंद न्यूजक्लिक के फाउंडर और एडिटर इन चीफ प्रबीर पुरकायस्थ की रिहाई का आदेश दिया है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने फैसला सुनाया। राष्ट्र विरोधी प्रचार को बढ़ावा देने के लिए चीनी फंडिंग को लेकर यूएपीए के तहत अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए पुरकायस्थ ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इससे पहले शीर्ष अदालत ने प्रबीर पुरकायस्थ की याचिका पर सुनवाई के दौरान उनकी गिरफ्तारी पर कई सवाल उठाए थे। कोर्ट ने सवाल उठाते हुए कहा था कि दिल्ली पुलिस ने पुरकायस्थ की गिरफ्तारी के बाद उनके वकील को सूचित किए बिना मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने में जल्दबाजी क्यों की? जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने हैरानी जताते हुए कहा था कि पुरकायस्थ के वकील को रिमांड आवेदन दिए जाने से पहले ही रिमांड आदेश कैसे पारित कर दिया गया था?



## पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को राहत नहीं, न्यायिक हिरासत की तारीख बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य आरोपियों की न्यायिक हिरासत अगली तारीख तक के लिए बढ़ा दी गई है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई के मामले में आरोप पर बहस को 30 मई के लिए स्थगित कर दिया है। मनीष सिसोदिया और हिरासत में बंद अन्य आरोपियों की जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई थी।






# सावधान... हाइवे पर सवारी बन साम्राज्य चला रहे लुटेरे!

- भगवान टाकीज चौराहा से तय कर लाए ई-रिक्शा को लूट चालक को नाले में फेंका
- रातभर हाइवे किनारे नव विकसित कॉलोनी के नाले में पड़ा रहा बेहोश चंद्रपाल

### तीन दिन बाद भी हालत नहीं सुधरी

हाइवे पर शातिर लुटेरों का शिकार बना ई-रिक्शा चालक चंद्रपाल को लुटेरों ने शराब के साथ ऐसा नशीला पदार्थ पिलाया है कि आज तीसरे दिन भी उसकी मानसिक हालत सामान्य नहीं हुई है। उसका इलाज चल रहा है।

एनएनआई

**एत्मादपुर (आगरा)।** हाइवे पर सक्रिय ऑटो गैंग वारदातों को अंजाम देने के लिए नए-नए तरीके अपना रहा है, लेकिन खाकी महज चंद पैसों की खातिर सड़क-चौराहों की अराजकता से लेकर आपराधिक वारदातों को भी नजर अंदाज करने में लगी हुई है। ताजा घटनाक्रम में थाना न्यू आगरा के भगवान टाकीज चौराहा से एत्मादपुर के लिए तय कर लाए गए ई-रिक्शा को शातिर लुटेरे रास्ते में चालक को नशीला पदार्थ पिलाकर लूट ले गए। टेढ़ी बगिया निवासी चालक को बेहोश करने के बाद शातिर उसे हाइवे किनारे नव विकसित कॉलोनी के नाले में फेंक गए। रातभर पड़ा रहने के बाद सुबह उसे होश आया तो वह मदद की गुहार लेकर पुलिस के पास पहुंचा। थाना ट्रांसयमुना क्षेत्र के टेढ़ी बगिया निवासी चन्दपाल पुत्र प्रभुदयाल ई-रिक्शा चलाकर परिवार पालता है। उसने बताया कि कल शाम भगवान टाकीज चौराहा से उसे एत्मादपुर चलने के लिए तय किया गया था। जब वह सवारी लेकर आ रहा था कि रायल पब्लिक स्कूल के पास ई-रिक्शा रुकवाकर उन्होंने ठेका से शराब खरीदी और मना करने के बाद भी अपने साथ उसे भी पिलाई। इसके बाद रास्ते में उसे चक्कर आने लगे और वह कब बेहोश हो गया उसे नहीं पता। सुबह भागूपुर-नगला रामबक्स स्थित इंडियन पेट्रोल पंप और नेक्सा कार शोरूम के पास नव विकसित कॉलोनी के सूखे नाले में उसने खुद को पड़ा पाया। उसका ई-रिक्शा और नकदी गायब थी।

आसपास के लोगों ने उसे नशेड़ी समझा तो उसने आपबीती बताई। लोगों ने उसे पुलिस के पास जाने की सलाह दी। इसके बाद वह सौ फुटा निवासी अपने भतीजे वीरेंद्र सिंह के साथ एत्मादपुर आया। चंद्रपाल ने पुलिस को बताया कि सवारियों ने मुझे नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया और फिर मेरी ई-रिक्शा को ले गए। पुलिस ने पीड़ित ई-रिक्शा चालक की तहरीर पर अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।



### आगरा से टूंडला तक हाइवे पर सक्रिय है ऑटो गैंग

आगरा से टूंडला के बीच हाइवे पर रोजाना पांच सौ से अधिक ऑटो चलते हैं। सड़क पर इनकी अराजकता हर समय दिखाई देती है। यातायात के नियम तो इनकी जेब में रहते हैं। शाम होते ही हाइवे पर दौड़ते ऑटो में बजते तेज म्यूजिक संग शराब पीकर हुड़दंग आम बात हो गई है। यही कारण है कि हाइवे पर सक्रिय ऑटो गैंग एक निश्चित अंतराल के बाद पुलिस के लिए चुनौती पेश कर देता है। वारदातों लंबी फेहरिस्त यही बयां करती है।

# चंबल नदी घाट से जारी है कछुआ तस्करी

### कछुआ पकड़ते तस्करों का वीडियो हो रहा वायरल



एनएनआई

**पिनाहट (आगरा)।** चंबल नदी पिनाहट घाट से कछुआ तस्करी जोरों पर चल रही है। इसका एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग नदी से कांटा डालकर कछुए पकड़ रहे हैं। वहीं वन्य जीव विभाग इस ओर से आंखें बंद किए बैठा है। जानकारों की मानें तो चंबल नदी से बड़े स्तर पर कछुआ की तस्करी की जा रही है। तस्कर रात के अंधेरे में चंबल नदी से कछुओं को पकड़ कर उनकी तस्करी कर रहे हैं। इस एक वीडियो कल

इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ। वीडियो में चंबल नदी पिनाहट घाट स्थित पैंटून पुल के पास तीन लोग चंबल नदी किनारे बैठकर कांटा डालकर कछुए पकड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। साथ में पेंटून पुल व पक्के पुल निर्माण के पिलर भी दिखाई दे रहे हैं। एक मिनट 23 सेकेंड के वीडियो में तस्कर कछुआ को कांटे में फंसाकर खींचते दिखाई दे रहे हैं। जानकारों की माने तो चंबल नदी में पाएं जाने वाले कछुआ की देश भर में डिमांड रहती है। इस कारण यहां के कछुए महंगी कीमत पर बेचे जाते हैं। वहीं रेंजर बाह उदय प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी।

# तांत्रिक ने महिला को गर्म चिमटे से दागा

- ऊपरी चक्कर बताकर जेठ-जेठानी ले गए थे तांत्रिक के पास

एनएनआई

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र में अंधविश्वास के नाम पर एक महिला को यातनाएं दी गईं। महिला पर ऊपरी चक्कर होने की बात कह कर जेठ-जेठानी उसे तांत्रिक के पास ले गए। आरोप है कि तांत्रिक ने झाड़ू से पिटाई लगाई। गर्म चिमटे से उसकी पीठ पर कई जगह दागा। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस का कहना है कि घटना फिरोजाबाद की है। जांच की जा रही है। ट्रांस यमुना निवासी युवक की पत्नी को पेट में दर्द की शिकायत थी। उसे चक्कर भी आते थे। घरवालों को लगता था कि उस पर ऊपरी चक्कर है। महिला का पति परचून की दुकान चलाता है। उसका जेठ ट्रक चालक है। महिला कल पति के साथ थाने पर पहुंची। उसने पुलिस को बताया कि उसे पेट दर्द की शिकायत है। चक्कर भी आने लगते हैं। एक सप्ताह पहले जेठ-जिठानी ने कहाकि उनकी जानकारी में एक भगत है, वो इसका इलाज कर देगा। आरोप है कि दोनों उसे फिरोजाबाद में एक तांत्रिक के पास ले गए। तांत्रिक ने झाड़ू और थप्पड़ों से पिटाई की। गर्म चिमटा पीठ पर कई जगह पर दागा। इससे उसके पीड़ा हुई। पीठ पर मारपीट के निशान हैं। महिला के पति का कहना था कि घरवाले पत्नी से कई बार मारपीट कर चुके हैं। वह विरोध करता है तो धमकी देते हैं। ऊपरी चक्कर के नाम पर पत्नी को तांत्रिक के पास ले गए, जहां उसे यातनाएं दी गईं। थानाध्यक्ष सुमनेश विकल ने बताया कि पीड़ित ने शिकायत की है। फिरोजाबाद ले जाकर पिटाई का आरोप लगाया है। महिला के पति को संबंधित थाने में शिकायत करने के लिए कहा गया है।

### शहर में बनेगा 1500 लोगों की क्षमता वाला इंडोर स्टेडियम

**आगरा।** जिले में एक हजार से 1500 लोगों की क्षमता वाला इंडोर स्टेडियम बनाया जायेगा। इसका ले-आउट कमिश्नरऋतु माहेश्वरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में रखा गया। कमिश्नर ने इंडोर स्टेडियम का ले आउट री-डिजायन करने के निर्देश दिए। स्मार्ट सिटी, नगर निगम के कार्यों, सिटी बस और सफाई व्यवस्था की समीक्षा बैठक में स्मार्ट कैमरों की दिक्कतों पर भी चर्चा हुई।


### वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

– प्रबंधक विज्ञापन


### दो रुपये घटेगा सिटी बसों का किराया

**आगरा।** सिटी बसों में सफर करने वालों के लिए अच्छी खबर है। शहर के 15 रूटों पर चलने वाली सिटी बसों के किराये में दो रुपये की कमी होने जा रही है। आगरा-मथुरा सिटी बस सेवा प्रशासन ने किराया स्लैब में बदलाव करने की तैयारी कर ली है। इससे शहर के करीब 20 हजार से अधिक यात्रियों को फायदा मिलेगा। शहर में 15 रूटों पर 100 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है। एक बस की कीमत 1.25 करोड़ रुपये है। शहर में सफर कराने वाली इन बसों में हर दिन करीब 20 हजार से ज्यादा यात्री सफर करते हैं। बीते माह आगरा कमिश्नर रितु माहेश्वरी ने आगरा-मथुरा सिटी बस सेवा की समीक्षा की थी और बस के किराए में राउंड फिगर करने पर जोर दिया था।

# नकाबपोशों ने घर के बाहर से उठाया युवक, मारपीट कर किया जख्मी

### पिनाहट के चचिहा रोड की घटना, ग्रामीणों के पीछा करने घायल युवक को छोड़ भागे बदमाश

एनएनआई

**पिनाहट (आगरा)।** घर के बाहर खड़े युवक को नकाबपोश कार सवार बदमाश जबरन कार में डालकर ले गए। चीख-पुकार सुन ग्रामीणों ने कार सवारों का पीछा किया। खुद को घिरता देख बदमाश युवक को घायल हालत में नगला दलेल गांव के पास छोड़कर भाग निकले। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। थाना पिनाहट क्षेत्र के चचिहा रोड निवासी पवन शर्मा पुत्र इंद्रजीत कल रात आठ बजे करीब अपने घर के बाहर टेंट हाउस के पास खड़ा हुआ था। इस दौरान इको कार वहां आकर रुकी। कार में छह-सात



नकाबपोश बदमाश सवार थे। उन्होंने युवक से पूछा पवन कौन है और उसे गाड़ी में डाल भागने लगे। पवन ने विरोध किया तो बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की। चीख-पुकार सुनकर आस पास के लोग जमा हो गए। पुलिस को सूचना देने के बाद ग्रामीणों ने कार सवार बदमाशों का पीछा किया। नगला दलेल के समीप खुद की घेराबंदी देख बदमाश युवक को घायल अवस्था में सड़क किनारे छोड़ भाग गए। बदमाशों के साथ एक बुलेट मोटर साइकिल भी चल रही है। इधर सूचना पर सब इंस्पेक्टर कुशल पाल, रजनीश कुमार मिश्रा भी मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने युवक घायल अवस्था में समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट में भर्ती कराया है। जहां से उसे एसएन मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी पिनाहट पवन सैनी का कहना है कि मामला संदिग्ध है। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी युवक कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं है। उसके होश में आने पर ही मामला स्पष्ट होगा।

कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

05

अपना आगरा

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र

बुधवार, 15 मई, 2024 www.nnindianews.com

**डॉ.** भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के चतुर्थ श्रेणी ने विषाक्त पदार्थ का सेवन करके खुदकुशी की कोशिश की। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोप है कि उसे विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद उपाध्याय के आवास पर तैनात किया गया था। जहां मंत्री पुत्र उसका उत्पीड़न कर रहे थे। दो दिन पहले उसे जूतों से पीटा गया। धमकी दी कि कहीं शिकायत कर ले कुछ नहीं होगा। मंत्री पुत्र के उत्पीड़न से आजिज आकर उसने आत्मघाती कदम उठाया। इस घटना से विश्वविद्यालय के कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की। आक्रोशित कर्मचारियों ने विश्व विद्यालय के सभी कार्यालयों में तालाबंदी विरोध प्रदर्शन किया। नियम विरुद्ध तरीके से कर्मचारी को मंत्री के आवास पर बेगार कराने पर रोष व्यक्त किया गया।

उच्च शिक्षा मंत्री के बेटे के उत्पीड़न से आजिज आकर विश्व विद्यालय के कर्मचारी ने खाया जहर

खुदकुशी से पहले लिखा पत्र, संडे को काम पर नहीं जाने पर मंत्री के बेटे ने जूतों से बुरी तरह पीटा

# मेरे आत्मघाती कदम के लिए मंत्री पुत्र जिम्मेदार



आगरा। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में उस समय हड़कम्प मच गया जब मंत्री के आवास पर बेगार कराने के लिए लगाए कर्मचारी ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की। माली के पद पर तैनात कर्मचारी दिनेश कुशवाह ने आत्मघाती कदम उठाने से लिखे पत्र में कहा है कि उसने यह कदम उच्च शिक्षा मंत्री के पुत्र के उत्पीड़न से आजिज आकर उठाया। इस घटना से विश्व विद्यालय के अधिकारी तक सकते में आ गए। कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया। कर्मचारियों ने विश्व विद्यालय में तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया। जहर खाकर जान देने की कोशिश करने वाले कर्मचारी ने कुलसचिव से की शिकायत में कहा है कि उसे उच्च शिक्षा मंत्री के बेटे ने जूते से मारा। धमकी दी कि तेरी कोई भी अधिकारी नहीं सुनेगा। कहीं शिकायत कर लेना। मेरी सुनवाई नहीं होगी, यही सोच कर मैं आत्महत्या करने को मजबूर हुआ। दिनेश कुशवाहा विश्वविद्यालय में माली है। कल दोपहर में उसने जहर खा लिया। इसकी जानकारी होने पर विश्वविद्यालय में कर्मचारी संघ में आक्रोश फैल गया। कर्मचारियों ने हंगामा शुरू कर दिया। विश्व विद्यालय के सभी विभागों में ताले जड़ दिए गए। कर्मचारी दिनेश कुशवाहा ने कुलसचिव को दिए शिकायती पत्र में लिखा है कि दो वर्ष पहले उप कुलसचिव पवन कुमार ने उसे उच्च शिक्षा मंत्री के आवास पर यहां कार्य करने के लिए भेजा था। तब से वह नियमित रूप से वहां कार्य कर रहा है। उच्च शिक्षा मंत्री के पुत्र अलौकिक उपाध्याय ने रात के 8 बजे तक रुकने के लिए कहा। जबकि मेरी ड्यूटी शाम 5 बजे तक है। इसकी शिकायत मैंने उप कुलसचिव पवन कुमार से भी की। उन्होंने कहाकि मैं कुछ नहीं कर सकता हूं। इधर संडे को मैं नहीं गया। इस कारण अलौकिक उपाध्याय ने मुझे जूतों से मारा। कहा जहां चाहे वहां शिकायत कर ले। मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता। विश्वविद्यालय मैं ही चला रहा हूं। विश्वविद्यालय का कोई भी अधिकारी तेरी नहीं सुनेगा। जब मेरी कोई सुनवाई नहीं होगी, इस बात को सोचकर मैं आत्महत्या करने के लिए मजबूर हुआ। मेरे इस कदम को उठाने के लिए मंत्री पुत्र जिम्मेदार है। इधर कुलपति ने अपना बयान जारी कर कहा कि विश्वविद्यालय के किसी भी अधिकारी ने किसी कर्मचारी को किसी के घर पर नहीं लगाया है। ऐसे में सवाल खड़े हो रहे हैं कि कर्मचारी की ड्यूटी वहां पर नहीं थी तो फिर वह यह लिखकर क्यों दे रहा है कि मैं दो वर्ष से वहां कार्य कर रहा हूं। इधर पीड़ित कर्मचारी की पत्नी साक्षी कुशवाहा का कहना है कि उनके पति उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के यहां काम कर रहे थे। वह उन्हें छुट्टी नहीं देते हैं। उनके बेटे ने उन्हें इतना पीटा है कि उनका चेहरा भी सूज गया था। आहत होकर उन्होंने कमरा बंद कर जहर खा लिया।



## रात में क्यों खुला विश्व विद्यालय?

कर्मचारी के आत्मघाती कदम उठाए जाने के मामले में विश्व विद्यालय प्रशासन द्वारा लीपापोती शुरू कर दी गई है। सूत्रों की मानें तो रात में विश्व विद्यालय का ऑफिस खोला गया। इसको लेकर विश्व विद्यालय परिसर में तरह-तरह की चचाएँ छिड़ी हुई हैं। चर्चा है कि कि मंत्री के इशारे पर मामले को खुर्द-बुर्द करने लिए रात में विश्व विद्यालय खोला गया। सूत्रों के अनुसार कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर और अन्य कागजातों से छेड़छाड़ की जा सकती है। इसको लेकर विश्व विद्यालय के कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर हाजिरी रजिस्टर आदि से कोई छेड़छाड़ की तो कर्मचारी खामौश नहीं बैठेंगे।

## दो साल से मंत्री के यहां था कार्यरत

दिनेश कुशवाह की तरफ से एक शिकायत भी कुलसचिव के नाम की गई है। इस शिकायत पत्र में लिखा है कि सहायक कुलसचिव पवन कुमार के कहने पर दो साल पहले उसे उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के यहां अटैच किया गया। वहां उसके साथ मारपीट होती थी। इसकी शिकायत पहले भी दिनेश ने सहायक कुलसचिव से की थी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। कर्मचारी ने पत्र में लिखा कि मंत्री का छोटा बेटा धमकी देता है कि मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। पूरा विश्वविद्यालय मैं चलाता हूं। अब सवाल उठता है कि कुलपति को जानकारी दिए बिना सहायक कुलसचिव ने किस हैसियत से कर्मचारी को मंत्री आवास पर अटैच किया।

## किस आदेश के तहत किया अटैच

विवि कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अखिलेश चौधरी ने जानना चाहा है कि माली सहित अन्य कर्मचारी किसके आदेश पर मंत्री के यहां काम करने को तैनात किए गए। पिछले दो साल से माली मंत्री के यहां काम कर रहा था। इसकी जानकारी विवि को क्यों नहीं हो पाई? माली की अटेंडेंस कहां लग रही थी? वेतन विवि से मिल रहा था या मंत्री के यहां से? इन सवालों का जवाब कौन देगा?

## विरोधियों की मेरे खिलाफ साजिश है: योगेंद्र उपाध्याय



इस मामले में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कर्मचारी के आरोपों को सिरे से नकारते हुए कहाकि मेरे खिलाफ षड्यंत्र रचा जा रहा है। मेरे यहां विश्वविद्यालय, महाविद्यालय या संस्थान तो दूर किसी निजी शिक्षण संस्थान का भी कोई कर्मचारी अटैच नहीं है। आरोप लगाने वाला माली है। जबकि उनके निवास पर कोई इतना बड़ा बाग-बगीचा ही नहीं है, जिसमें माली की जरूरत पड़े। श्री उपाध्याय ने कहाकि कुछ लोगों को जनता के बीच कार्य करते रहने की उनकी शैली रास नहीं आ रही है और वे इस प्रकार के कुचक्र रचते रहते हैं। पहले उन्हें जगदीशपुरा जमीन प्रकरण में बदनाम करने की साजिश की गई, वो तो पुलिस जांच में टहल सिंह जीवित पाए गए और उमा देवी उनकी फर्जी वारिस पाई गईं। विरोधियों की यह साजिश सफल नहीं हुई तो अब फिर से साजिश रची है। जल्द ही इसका भी पदार्फाश हो जायेगा।

## कुलपति ने दी सफाई, जांच समिति बनाई



इस मामले में कुलपति प्रो. आशु रानी ने एक वीडियो जारी करते हुए सफाई दी। वीडियो में कुलपति ने कहाकि हमें इस बात की जानकारी नहीं है कि कर्मचारी को किसके आदेश पर अटैच किया गया था। इसकी जांच कराई जाएगी। कर्मचारी के इलाज का खर्चा विवि उठाएगा। पूरे मामले की जांच के लिए कुलसचिव ने तीन सदस्यीय समिति बनाई है। इसमें प्रो. ब्रजेश रावत, डॉ. राजीव वर्मा और उपकुलसचिव विधि को रखा गया है। समिति शीघ्र जांचकर शीघ्र आख्या देगी।

## न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा



विश्वविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ इस घटना से भारी आक्रोशित है। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अखिलेश चौधरी ने एलान किया कि कर्मचारी को न्याय न मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कुलपति और अन्य आलाधिकारियों के संज्ञान में लाए बिना नियम विरुद्ध तरीके से मंत्री के आवास पर कर्मचारी को तैनात करने वाले अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहाकि माली दिनेश के अलावा 3 अन्य कर्मचारी भी मंत्री आवास पर थे, जिन्हें वापस कर लिया गया।

विश्वविद्यालय में हुई यह घटना बेहद शर्मनाक है। विश्वविद्यालय के किसी कर्मचारी से मंत्री के यहां कार्य कराना नियमों के खिलाफ है। इसमें कुलपति कुलसचिव और विश्वविद्यालय के अधिकारी दोषी है। हम मुख्यमंत्री से मांग करते हैं कि तत्काल प्रभाव से ऐसे मंत्री, विश्वविद्यालय के कुलपति और अधिकारियों को बर्खास्त किया जाए। नहीं तो एनएसयूआई आंदोलन को मजबूर होगी।

**गौरव शर्मा, छात्र नेता**

## आज भी ठप रहा विवि का कामकाज

उच्च शिक्षा मंत्री के बेटे की करतूत के चलते जान देने पर उतारू विश्व विद्यालय कर्मचारी का इलाज देहली गेट स्थित एक निजी हॉस्पिटल में चल रहा है। आक्रोशित कर्मचारियों ने आज भी विश्व विद्यालय में कामकाज ठप रखा। कर्मचारियों ने आज भी विश्व विद्यालय के पालीवाल परिसर में धरना दिया। अधिकारी कर्मचारियों को किसी तरह मनाने में जुटे हुए हैं। कर्मचारियों ने एलान किया जब तक मंत्री आवास पर ड्यूटी लगाने वाले अधिकारी और आत्महत्या को मजबूर करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती आंदोलन जारी रहेगा। धरने का नेतृत्व शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अखिलेश चौधरी ने किया। इस दौरान अरविन्द गुप्ता, शिव गोविन्द भदौरिया, संजय शर्मा, दिनेश शर्मा, छोटेलाल बघेल, संजय चौहान, अनूप चौधरी, ज्ञानेश तिवारी, हरेन्द्र यादव, आशीष ठाकुर, शेखर और रवि सहित अन्य कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल रहे।



# यमुना नदी की तरफ न जाएं असमाजिक तत्व: मंडलायुक्त

**मंडलायुक्त ने निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश**

**नगर निगम की सफाई व्यवस्था को भी परखा**

एनएनआई



**आगरा**। मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, शौचालय, ई बस शेल्टर सहित शहर में प्रमुख रूप से कराये जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम के पुराने शौचालय के जीर्ण-शीर्ण हो चुकी दीवार के जीर्णोद्धार कराने और नियमित रखरखाव के निर्देश दिये। ताजनगरी फेस टू में रोशन नगर के निवासियों ने ताजगंज वार्ड में सफाई न होने, पार्क में अवैध कब्जे और सड़कें टूटी-फूटी होने की समस्याएं रखीं। यमुना किनारे हाथी घाट पर चल रहे सौंदर्याकरण कार्य का निरीक्षण किया। प्लांटेशन, स्कल्पचर व फसाड लाइटिंग से घाट का सौंदर्गीकरण किया जाएगा। फूल-माला और प्रसाद की सभी दुकानों को नगर निगम द्वारा तैयार किये गए वेंडिंग जोन में शिफ्ट किया गया है। वेंडिंग जोन के पास में ही अवैध कब्जा हटाने को कहा। यमुना की तलहटी की झाड़ियों में लगी आग की घटना को संज्ञान में लिया। नगरायुक्त को सिंचाई विभाग को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। असमाजिक तत्वों को यमुना नदी की तरफ जाने से रोकने के उपयुक्त इंतजाम के लिए सिंचाई विभाग और नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए। मनःकामेश्वर मंदिर और उसके आस-पास चल रहे कॉरिडोर निर्माण का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के आने-जाने की सुविधा और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मनःकामेश्वर की गलियों को कॉरिडोर रास्ते के रूप में तैयार किया जा रहा है। इसके बनने के बाद हवा में लटके व झूलते बिजली के तार अंडरग्राउंड हो जाएंगे। पूरे मार्ग पर शेल्टर लगाए जाएंगे। मनकामेश्वर बाजार से लेकर यमुना किनारा की तरफ जाने वाले पूरे मार्ग का जीर्णोद्धार एवं तिकोनिया पार्क का सौंदर्याकरण किया जाएगा।

हरीपर्वत चौराहा पर निमाणार्धीन और स्पीड कलर लैब के पास बने सुलभ शौचालय का निरीक्षण किया। शिकायत पंजिका की जांच की। शौचालयों में फीडबैक मशीन व क्यूआर कोड लगाने के निर्देश दिये। नगर निगम की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। बाग फरजाना, दिल्ली गेट और शास्त्रीपुरम में स्थानीय निवासियों से बात की। क्षेत्र में झाड़ू लगने, नालियों की सफाई और डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन गाड़ी को लेकर सवाल पूछे। नालियां चौक पाई गयीं। मौके पर मौजूद पूर्व पार्षद संजय राय द्वारा अवगत कराया गया कि कूड़ा कलेक्शन करने वाली गाड़ियों में सूखा व गीला कूड़ा अलग-अलग एकत्रित नहीं किया जा रहा है।

## उपाध्याय पैरामाउंट के स्टूडेंट्स का अंग्रेजी में बेस्ट रिजल्ट



**आगरा** एनएनआई। सीबीएसई 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में उपाध्याय पैरामाउंट क्लासेस के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी और सोशल साइंस में शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया। उपाध्याय पैरामाउंट क्लासेस 112 शिवाजी नगर शाहगंज आगरा के तीन विद्यार्थियों ने अंग्रेजी में 100 से से 100 अंक हासिल किए हैं। वहीं दो विद्यार्थियों को सोशल साइंस में 100 में से 100 अंक मिले हैं।

उपाध्याय पैरामाउंट क्लासेस के डायरेक्टर डॉ सुनील उपाध्याय ने बताया कि कोचिंग में कराई जा रही मेहनत व दिया जा रहा मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की लगन से ही बेहतर रिजल्ट आता है। वर्ष 2024 में अंग्रेजी में टॉप अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के नाम जयंत मित्तल 100, आशीष अग्रवाल 100, अनीता कुमारी 100, मीत गर्ग 98, कुशाल सिंह 98, भविष्य उपाध्याय 97, कार्तिक सिंह 97, हिमांशु सोलंकी 97, गौरी उपाध्याय, हिमांशी धनगर 97, इशू 97, 96, अविनाश लावनिय 96, , मनसा शर्मा 96, वंश चतुर्वेदी 95, अंकित सिंह 95, निखिल कुमार 95, यीशु शर्मा 95, ऋषभ चौहान 93, निष्ठा बंसल 92 , देवांश फिरवानी 91, आर्यन सिसोदिया 91,सोनाक्षी दीक्षित 90, राहुल भगोर 90, हर्षित सिंह 90, ऋषिका वर्मा 90 हैं।

## रामबाग चौराहे पर लगा आरओ वाटर प्लांट



**आगरा** एनएनआई। भीषण गर्मी में राहगीरों को शीतल जल मुहैया कराने के लिए रोमसन्स चैरिटेबल सोसायटी ने नेक पहल की शुरूआत करते हुए रामबाग चौराहे पर स्थित हनुमान मंदिर पर शीतल जल के आरओ वॉटर प्लांट लगाकर प्याऊ का शुभारंभ किया। भीषण गर्मी में हनुमान भक्तों और राहगीरों को शुद्ध शीतल पेयजल से राहत मिलेगी। लोगों रोमसन्स ग्रुप की इस नेक पहल की सराहना की। इस मौके पर रोमसन्स ग्रुप के विजय कुमार खन्ना, किशोर नारायण खन्ना, ललित नारायण खन्ना और विकास खन्ना मौजूद रहे।







# वायु सेना ने हवा में गिराया अस्पताल

## महज 12 मिनट में बनकर तैयार हो जाएगा क्यूबनुमा असताल



### कई बार कर सकते हैं उपयोग

भीष्म में मास्टर क्यूब केज के दो सेट होते हैं। प्रत्येक केज में 36 मिनी क्यूब होते हैं। यह क्यूब बहुत मजबूत होने के साथ हल्के भी होते हैं। इस अस्पताल को कई बार प्रयोग में लाया जा सकता है। इसकी पैकिंग ऐसी की जाती है कि भूमि पर गिरने के बाद खुलने में कोई दिक्कत न आए।

एनएनआई

**आगरा।** भारतीय वायु सेना ने इतिहास रच दिया है। दैवीय आपदा हो या फिर युद्ध का मैदान हर हाल में लोगों को त्वरित उपचार मुहैया करा जिंदगी बचाई जा सकेंगी। आगरा के मलपुरा ड्रॉपिंग जोन में संयुक्त टीम ने बैटल फील्ड हेल्थ इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर मेडिकल सर्विसेज (भीष्म) पोर्टेबल अस्पताल का सफल परीक्षण किया। भीष्म प्रोजेक्ट को स्वास्थ्य, रक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की टीम ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। विमान से 15 सौ फीट से अधिक की दूरी से पोर्टेबल अस्पताल को दो पैराशूट के समूह से जमीन पर उतारा गया। क्यूबनुमा अस्पताल महज 12 मिनट में बनकर तैयार हो गया। यह वाटरप्रूफ और बेहद हल्का है। इसमें एक साथ 200 लोगों का इलाज किया जा सकता है। यह पहला स्वदेशी पोर्टेबल अस्पताल है। इसे ड्रोन की मदद से कहीं ले भी जा सकते हैं प्रोजेक्ट का उद्देश्य आपदाग्रस्त अथवा युद्धग्रस्त क्षेत्र में गंभीर लोगों को जल्द इलाज उपलब्ध कराना है। मंगलवार को पोर्टेबल अस्पताल भीष्म को पैक किया गया। एक सिरे में पैराशूट का समूह बांधा गया और दूसरे सिरे में लोहे के प्लेटफॉर्म से पोर्टेबल अस्पताल को बांध दिया। मलपुरा ड्रॉपिंग जोन के आसमान से वायु सेना के विमान ने इसे नीचे फेंका। नीचे गिरने के बाद यह चेक किया जाना था कि अस्पताल कितनी देर में तैयार हो जाता है। इस अस्पताल को वायु, भूमि या फिर समुद्र में तैयार किया जा सकता है। जमीन पर गिरते ही क्यूब महज 12 मिनट में तैयार हो गया। हवाई वितरण अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (एडीआरडीई) की टीम ने पैराशूट विकसित किए हैं। इसको कहीं पर भी उतारने में दो पैराशूट का प्रयोग किया जाता है।

### अयोध्या में भी था भीष्म

अयोध्या में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी भीष्म प्रोजेक्ट की यूनिट को लगाया गया था। इसके साथ डॉक्टरों की टीम को भी तैनात किया गया था। सितंबर 2023 में दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भी इसका प्रदर्शन किया गया था।

# एलीवेटेड ट्रैक में भी होगा आर्च गार्डर का प्रयोग

### आगरा कैंट से लेकर कालिंदी विहार तक बनेंगे 14 एलीवेटेड स्टेशन

एनएनआई

**आगरा।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन की टीम आगरा मेट्रो में दूसरी बार आर्च गर्डर का प्रयोग करेगी। इन गार्डर का प्रयोग नेशनल हाईवे-19 और एमजी रोड पर बनने वाले एलीवेटेड ट्रैक में किया जाएगा। एक गार्डर का वजन 165 टन होता है। क्रासर ओवर के लिए इस गार्डर का प्रयोग किया जाता है। इसे प्रीकास्ट तकनीक से तैयार किया जाता है। इससे समय और पैसे की बचत होती है। टीम ने पहली बार फतेहाबाद रोड पर आर्च गार्डर का प्रयोग किया था। यूपीएमआरसी के अधिकारियों का दावा है कि इस तरीके के गार्डर का देश में पहली बार इस्तेमाल किया गया। फतेहाबाद रोड पर बने एलीवेटेड मेट्रो ट्रैक में तीन गार्डर लगे हैं। इस गार्डर की ढलाई यार्ड में की जाती है। क्रेन की मदद से गार्डर को पिलर कैप के ऊपर जोड़ा जाता है। इस तकनीक में कम समय में अधिक कार्य होता है। यातायात बाधित नहीं होता है। गार्डर का वजन 165 टन के करीब होता है। यूपीएमआरसी के एक अधिकारी ने बताया कि सिकंदरा तिराहा से खंदारी तक तीन एलीवेटेड स्टेशन होंगे। जबकि आगरा कैंट स्टेशन से कालिंदी विहार तक 14 एलीवेटेड स्टेशन बनेंगे। दोनों रूट में दूसरी बार आर्च गार्डर का प्रयोग किया जाएगा। गार्डर की संख्या पांच से छह होगी। दोनों ही कॉरिडोर पर जल्द ही काम चालू होने जा रहा है। नेशनल हाइवे-19 के तीन स्टेशन 312 करोड़ रुपये और दूसरे कॉरिडोर के सभी स्टेशन 1500 करोड़ रुपये से बनेंगे। यूपीएमआरसी के एक अधिकारी ने बताया कि आर्च गार्डर के अलावा टी और यू गार्डर का भी प्रयोग किया जाएगा। इन सभी गर्डर का वजन 160 से 175 टन के आसपास होता है। यह सभी गर्डर यार्ड में तैयार किए जाते हैं। उप महाप्रबंधक, जनसंपर्क पंचानन मिश्र का कहना है कि आगरा मेट्रो में पहली बार आर्च गर्डर का प्रयोग किया गया था। हाईवे और एमजी रोड पर भी इस गर्डर का प्रयोग किया जाएगा।







# हृदय विदारक घटनाः पिकनिक मनाने आए पांच दोस्तों के शव नदी से बरामद, मंजर देखकर सिहर उठे लोग



**जालौन।** कोटरा के सलाघाट में पिकनिक मनाने आए पांचों दोस्तों के शव मंगलवार को गोताखोरों व एसडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिए। एक के बाद एक शव नदी से निकलते देख परिजनों में कोहराम मच गया। सुबह से ही सलाघाट पर लोगों की भीड़ जुटने लगी थी। जानकारी पर एसडीएम सहित अन्य आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों से पूछताछ के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। एक साथ पांच मौतों से सभी के परिवारों में कोहराम मचा है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बघौरा बाईपास आरटीओ ऑफिस के सामने रहने वाले प्रदीप बुदेला का 17 वर्षीय पुत्र अनुभव बुंदेला, फूलचंद्र का 16 वर्षीय पुत्र महेंद्र प्रताप उर्फ कोमेश, कल्याण का 16 वर्षीय पुत्र कनिष्क, रमाकांत कुशवाहा का 16 वर्षीय पुत्र शिवा कुशवाहा व बोहदपुरा निवासी शिवरतन उर्फ बबलू यादव का 16 वर्षीय पुत्र हेमंत यादव सोमवार की शाम बाइक व स्कूटी से कोटरा थाना क्षेत्र के जागेश्वर धाम स्थित सलाघाट पर पिकनिक मनाने गए थे। अनुमान है कि जब सभी दोस्त बेतवा नदी में नहा रहे थे, तभी अचानक किसी साथी का पैर फिसल गया।

साथी को नदी में डूबता देख सभी उसे बचाने लगे जिस पर तैरना न आने के वजह से सभी नदी में डूब गए। शाम को बाइक के पास उनके कपड़े व अन्य सामान मिलने पर आसपास मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी थी। पुलिस ने युवकों की तलाश की, लेकिन उनका कहीं कोई पता नहीं चल सका। लेकिन बाइक व स्कूटी में मिले कागजातों के आधार पर पुलिस ने परिजनों से बात की तो उनके नाम पता चल सके। इसके बाद पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उन्हें खोजना शुरू कर दिया। लेकिन उनका कहीं कोई पता नहीं चला।

**कार पंचर होने के बाद मौत ने बुला लिया सलाघाट**

पांचों के जाने की बात हुई तो सभी ने बाइकों से न चलने की बात कही। जिस पर सभी ने मिलकर रुपये एकत्रित कर कार से चलने का फैसला किया। लेकिन कार जैसे ही उरई से निकली तो पंचर हो गई। इसके बाद वह सभी बाइकों के सहारे ही सलाघाट पहुंच गए। लोगों का कहना है कि उन्हें मौत अपनी ओर खींच रही थी, लेकिन उन्हें क्या पता था कि वह जहां जा रहे हैं वहां से अब वह कभी वापस नहीं आ पाएंगे।

**कोचिंग से हुई थी दोस्ती, भाई की तरह रहते थे सभी**

सभी अलग-अलग स्कूलों में पढ़ते थे, लेकिन कोचिंग एक साथ पढ़ते थे, जिससे उनकी दोस्ती हो गई। यह दोस्ती भाईचारे में बदल गई। जिससे वह एक दूसरे के बिना नहीं रहते थे। परिजनों ने बताया कि एक का भी फोन आने पर सभी इकट्ठा हो जाते थे। सभी दोस्तों में काफी प्रेम था, कोई एक दूसरे की बात नहीं काटते थे। जिस वजह से परिजन भी सभी को अपने बेटों की तरह मानते थे।

## झुंझनूं में प्रशासन को बड़ी कामयाबी

# खदान में फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बचाया गया




**झुंझुनूं।** राजस्थान के झुंझुनूं से राहत देने वाली खबर सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, जिले के खेतड़ी में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की खदान की लिफ्ट टूटने से अंदर फंसे सभी अधिकारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, लिफ्ट टूट जाने के कारण अधिकारी 1800 से अधिक फीट की गहराई में फंसे हुए थे। हालांकि, अब उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। बता दें कि राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा भी खुद इस घटना पर नजर बनाए हुए थे।

**तीन की हालत गंभीर**

झुंझुनूं सरकारी अस्पताल के डॉ. प्रवीण शर्मा ने बताया है कि खदान में फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। उनमें से तीन की हालत गंभीर थी और उन्हें जयपुर रेफर किया गया है। झुंझुनू सरकारी अस्पताल के नर्सिंग स्टॉफ ने बताया है कि किसी के हाथ तो किसी के पैर में फ्रैक्चर है, सब सुरक्षित हैं। सीढ़ी की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया है।

**सीएम भजन लाल ने क्या कहा?**

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ट्वीट किया था कि झुंझुनू के खेतड़ी में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की कोलिहान खदान में लिफ्ट की रस्सी टूटने से हुए हादसे की जानकारी मिली। संबंधित अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य तेज करने एवं बचाव अभियान और प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

**कैसे हुआ हादसा?**

झुंझुनूं के खेतड़ी इलाके में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की कोलिहान खदान में लिफ्ट मशीन नीचे गिर पड़ी थी। हादसे के समय लिफ्ट में कोलकाता से आई विजिलेंस की टीम समेत 14 बड़े अधिकारी मौजूद थे। तुरंत मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन टीम को बुलाया गया। इसके बाद आसपास के अस्पतालों से सभी एंबुलेंसों को बुलाया गया था। इसके साथ ही डॉक्टरों की टीमों को भी आपात स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा गया था।

# चीन के उत्पादों पर भारी आयात शुल्क लगाएगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने चीन के उत्पादों पर भारी कर लगाने का फैसला किया है। इनमें इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी, स्टील, सौर सेल और एल्यूमीनिय शामिल हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों पर 100 फीसदी, सेमीकंडक्टर पर 50 फीसदी और इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी पर 25 फीसदी शुल्क लगाने की घोषणा की गई है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने व्हाइट हाउस के रोज गार्डन में राष्ट्र को संबोधित करते हुए इसका एलान किया।

उन्होंने कहा, अमेरिका अपनी इच्छा के अनुसार किसी भी तरह की कार खरीदना जारी रखेगा। लेकिन चीन को इन कारों के बाजार को गलत तरीके से नियंत्रित करने की अनुमति कभी नहीं देगा। बाइडन ने कहा, मैं चीन के साथ निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा चाहता हूं, संघर्ष नहीं। हम किसी और देश की तुलना में चीन के खिलाफ 21वीं सदी की आर्थिक प्रतिस्पर्धा को जीतने में मजबूत स्थिति मे हैं। क्योंकि हम अमेरिका में निवेश कर रहे हैं। बाइडन ने आरोप लगाया कि वर्षों से चीन की सरकार ने इस्पात और एल्यूमीनियम, इलेक्ट्रिक वाहन, सौर पैनल और दस्ताने व मास्क जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य उपकरण जैसे उद्योगों में सरकारी पैसे का इस्तेमाल किया है। चीन ने इन सभी उत्पादों को भारी सब्सिडी दी, जिससे चीनी कंपनियों को दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में कहीं अधिक उत्पादन के लिए प्रेरित किया गया।

# हिजबुल्ला ने इजरायल पर मिसाइलों से किया हमला

**जेरूसलम।** इजरायल और हमास के बीच जारी जंग में एक बार फिर हिजबुल्ला ने अपनी टांग अड़ाई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह के एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हमले में एक इजरायली नागरिक की मौत हो गई और पांच सैनिक घायल हो गए। इजरायल की सेना के एक बयान में कहा गया है कि मंगलवार को लेबनान से उत्तरी इजरायल के एडमिट क्षेत्र की ओर कई एंटी-टैंक मिसाइलें लॉन्च की गईं। बयान में कहा गया है कि हिजबुल्ला की तरफ से किए गए इस हमले में 5 सैनिक मामूली रूप से घायल हो गए।



इजरायल ने भी हिजबुल्ला के ठिकानों पर किया हमला

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हमले में एक इजरायली नागरिक की मौत हो गई है। कहा गया है कि घायल सैनिकों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। इजरायली लड़ाकू विमानों ने दक्षिणी लेबनान के अयता राख शब और कफरकेला क्षेत्र में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला किया। बता दें कि 8 अक्टूबर 2023 से लेबनान-इजरायल सीमा पर तनाव बढ़ गया है, जब हिजबुल्लाह ने हमास के साथ एकजुटता दिखाते हुए इजरायल की ओर रॉकेटों की बौछार कर दी थी। इसके बाद इजरायल ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए दक्षिणपूर्वी लेबनान की ओर भारी तोपखाने से गोलीबारी की।

# फिल्मी स्टाइल में दो गार्ड्स की हत्या कर कैदी को छुड़ा ले गए हथियारबंद लोग

**पेरिस।** फ्रांस में पुलिस के काफिले पर हमला कर कैदी को छुड़ाने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। फिल्मी स्टाइल में हथियारबंद लोगों ने पहले पुलिस के काफिले पर हमला किया और फिर पुलिस की हिरासत में मौजूद कैदी को छुड़ाकर ले गए। इस हमले में दो गार्ड्स की मौत हुई है और कई अन्य घायल हैं। इस घटना से पूरा फ्रांस स्तब्ध है क्योंकि वहां ऐसी घटनाएं बेहद दुर्लभ हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

फ्रांस के न्याय मंत्री एरिक ड्युपोंड मोरेती ने बताया घटना उस वक्त घटी, जब एक कैदी को अदालत से जेल में शिफ्ट किया जा रहा था। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एक काले रंग की एसयूवी कार ने पहले पुलिस वाहन में टक्कर मारी उसके बाद दूसरी कार से हथियारबंद लोग उतरे और उन्होंने पुलिस वैन पर फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुए इस हमले में पुलिसकर्मियों को संभलने का मौका नहीं मिला। हमले में दो गार्ड्स की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद अपराधी कैदी को लेकर फरार हो गए। गौरतलब है कि फ्रांस में इस तरह की घटनाएं बेहद दुर्लभ हैं। इससे पहले साल 1992 में जेल के एक गार्ड की हत्या हुई थी। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी घटना की निंदा की और सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी। फ्रांस के न्याय मंत्री मोरेत्ती ने लिखा कि दोषियों को पकड़ने के लिए सबकुछ किया जाएगा।

# यमुनोत्री की यात्रा पर आए दो और श्रद्धालुओं की मौत, पांच दिन में छह की गई जान

**देहरादून।** यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए दो और श्रद्धालुओं की मंगलवार को मौत हो गई। दोनों को अचेत अवस्था में स्वास्थ्य केंद्र जानकीचट्टी पहुंचाया गया था। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। धाम की यात्रा के दौरान अब तक मरने वाले यात्रियों कुल संख्या छह हो गई है। वहीं, सोमवार को बदरीनाथ धाम में भी एक यात्री की मौत हुई। ऐसे में चारधाम यात्रा के दौरान अब तक सात यात्रियों की जान गई है।

जानकारी के अनुसार, राम प्रसाद(51) पुत्र कन्हैया लाल निवासी इंदौर गांधी नगर मध्यप्रदेश, मंगलवार शाम करीब साढ़े पांच बजे यमुनोत्री पैदल मार्ग पर भैरव मंदिर के पास फिसलकर चोटिल हुए।

वहीं, दक्षा बेन पटेल (68) पत्नी



घनश्याम पटेल निवासी अहमदाबाद गुजरात को सवा छह बजे यमुनोत्री से लौटते वक्त सांस लेने में दिक्कत हुई और वह बेहोश हो गईं। जिस पर परिजन उन्हें स्वास्थ्य केंद्र जानकीचट्टी ले गए थे, लेकिन दोनों को ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## संपादकीय

# और आक्रमक हुए केजरीवाल

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सर्वोच्च अदालत के न्यायाधीशों का आभार जताना चाहिए कि उन्होंने ह्यमानवीयह्य होकर उन्हें अंतरिम जमानत दी। केजरीवाल ने जमानत मांगी ही नहीं थी, लेकिन न्यायाधीशों ने लोकतंत्र के व्यापक संदर्भों में माना कि केजरीवाल चुने हुए मुख्यमंत्री और एक राष्ट्रीय पार्टी के प्रमुख हैं। वह आदतन अपराधी भी नहीं हैं। इससे पहले उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला भी दर्ज नहीं है। केजरीवाल से समाज को कोई खतरा भी नहीं है। चूंकि लोकसभा चुनाव पांच साल के बाद आते हैं, लिहाजा उन्हें जनता के सामने अपना एजेंडा रखने और जनता को वह सुनकर जनादेश का निर्णय लेने की स्वतंत्रता दी जानी चाहिए। इसके तहत केजरीवाल को एक जून तक, चुनाव प्रचार करने को, अंतरिम जमानत दी जाती है। केजरीवाल के जेल से बाहर आने की यही पृष्ठभूमि है। हालांकि अदालत ने उन पर कई बंदिशें लगाई हैं। दिल्ली के शराब घोटाले के सभी आरोप प्रथमद्रष्ट्या उनके खिलाफ यथावत हैं। केजरीवाल अब भी आरोपित हैं। उन्हें दो जून को तिहाड़ जेल जाना ही होगा। केजरीवाल के जेल से बाहर आने के बाद पिछले तीन चार दिन से राजनीति में दिलचस्पी रखने वाला हर आदमी यह गुत्थी सुलझाने में लगा है कि आखिर अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए जमानत क्यों मिली? यह सवाल इसलिए है क्योंकि जेल में रह कर जो नेता खुद चुनाव लड़ते हैं उनको भी प्रचार के लिए जमानत नहीं मिलती है। ऊपर से प्रवर्तन निदेशाल यानी ईडी ने उनकी जमानत का पुरजोर विरोध किया। भाजपा के नेता हैरान परेशान हैं तो दूसरी ओर आम आदमी पार्टी के नेताओं ने इसे नए तरह से पेश करना शुरू किया है। उनका कहना है कि आखिरकार केजरीवाल के आगे सरकार झुकी और उनको छोड़ना पड़ा। यह कमाल की बात है क्योंकि मीडिया के जरिए इसकी खूब रिपोर्टिंग हुई है कि अदालत ने केजरीवाल को जमानत दी है, जबकि सरकार की ओर से इसका जबरदस्त विरोध हुआ। इसके बावजूद केजरीवाल और उनकी पार्टी यह बताने में लगे हैं कि सरकार को मजबूर होकर उनको छोड़ना पड़ा।दूसरी ओर इसी बहाने उनके इस्तीफा नहीं देने को भी जस्टिफाई किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी की ओर से सोशल मीडिया में यह अभियान चल रहा है और दूसरी ओर आम आमदाताओं के बीच भी केजरीवाल की पार्टी यह बात लेकर जा रही है कि उन्होंने जेल में जाने के बाद इस्तीफा नहीं दिया इसलिए जमानत मिली है। उनका कहना है कि अगर इस्तीफा दे दिया होता और दूसरा कोई व्यक्ति मुख्यमंत्री बन जाता तो केजरीवाल बहुत दिन तक बाहर नहीं आ पाते और चुनाव प्रचार तो नहीं ही कर पाते। ध्यान रहे दिल्ली के मतदाताओं का एक वर्ग ऐसा भी है, जो केजरीवाल को पसंद करता है लेकिन शराब नीति घोटाले में गिरफ्तार होकर जेल जाने के बाद इस्तीफा नहीं देने से निराश है। इस्तीफा नहीं देने के फैसले को उसके सामने एक रणनीति के तौर पर पेश किया जा रहा है। इस रणनीति के ही एक पार्ट के तौर पर कहा जा रहा है कि लोग जेल का जवाब वोट से दें। जैसे आप समर्थकों के दबाव बनाने का नतीजा यह हुआ कि केजरीवाल को जमानत मिल गई वैसे ही अगर वे आम आदमी पार्टी को जिताते हैं तो केजरीवाल की रिहाई भी हो सकती है।जमानत पर रिहाई का तीसरा नैरेटिव जो आम आदमी पार्टी बना रही है वह ये है कि अब केजरीवाल बाहर आ गए हैं तो सबको उनकी सरकार की योजनाओं का लाभ मिलता रहेगा और जल्दी ही महिलाओं को एक हजार रुपए हर महीने देने की योजना भी शुरू हो जाएगी। हालांकि हकीकत यह है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मुताबिक केजरीवाल अंतरिम जमानत की अवधि में यानी एक जून तक कोई भी सरकारी कामकाज नहीं कर पाएंगे। यानी न कैबिनेट की बैठक करके बजट में की गई घोषणा को लागू करने की पहल नहीं कर सकते हैं। लेकिन झुग्गी बस्तियों में और निम्न मध्यवर्ग की कॉलोनियों में केजरीवाल की पार्टी की ओर से ऐसा प्रचार चल रहा है, जैसे जेल से बाहर आने के बाद केजरीवाल कुछ बड़ा फैसला करने वाला हैं। यह धारणा भी बनाई जा रही है कि अगर ज्यादा समय जेल में रहे तो योजनाएं रूक सकती हैं।संभवतः किसी भी राजनेता को चुनाव प्रचार करने को जमानत पर जेल से रिहा नहीं किया गया। केजरीवाल पर जो फैसला अदालत का है, वह भी उसका विशेषाधिकार है। बहरहाल केजरीवाल की रिहाई पर आम आदमी पार्टी (आप) जो जश्न मना रही है राजनीति में सब कुछ जायज है। अपने पहले संबोधन में ही केजरीवाल ने यहां तक कह दिया कि प्रधानमंत्री मोदी अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं। तो मोदी की गारंटी का क्या होगा? प्रधानमंत्री मोदी सितंबर, 2025 में 75 साल के हो जाएंगे। उन्होंने ही 2014 में सत्तारूढ़ होने के बाद यह नियम घोषित किया था कि 75 साल और उससे अधिक उम्र के नेता चुनाव नहीं लड़ सकेंगे और न ही किसी पद पर आसीन होंगे।केजरीवाल ने इस बात को भी हवा दे दी है कि चुनाव नतीजे के दो माह बाद उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी निपटा दिया जाएगा। प्रधानमंत्री एक खतरनाक मिशन पर काम कर रहे हैं-एक देश, एक ही नेता। लिहाजा साफ है कि जेल से बाहर आते ही केजरीवाल आक्रामक दिख रहे हैं।

# 200 सीटों तक सिमटेगी भाजपा

## ममता बनर्जी ने साधा निशाना, कहा-विपक्षी गठबंधन बनाएगा अगली सरकार



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन (इंडिया) 300 से अधिक लोकसभा सीट जीतकर केंद्र में अगली सरकार बनाएगा। उन्होंने कहा कि एकमात्र गारंटी यह है कि भाजपा और नरेंद्र मोदी को तीसरा कार्यकाल नहीं मिलेगा।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने नदिया जिले के कल्याणी में एक चुनावी रैली के दौरान भाजपा पर संदेशखाली मुद्दे पर झूठ फैलाने और राज्य की महिलाओं की छवि खराब करने का आरोप लगाया। ममता ने चुनावी रैली में कहा कि विपक्षी गठबंधन 295 से 315 के बीच सीट हासिल करेगा, जबकि भाजपा अधिकतम 200 तक ही सीमित रहेगी। संदेशखालि मुद्दे को लेकर मोदी पर निशाना साधते हुए बनर्जी ने कहा, भाजपा और प्रधानमंत्री इस मुद्दे पर झूठ फैला रहे हैं। अब, जब सच्चाई सामने आ रही है। ममता ने कहा कि भाजपा नेता हर चीज में दखल दे रहे हैं, चाहे वह हमारी धार्मिक प्रथाएं हों या खान-पान की आदतें। वे तय करना चाहते हैं कि हमें क्या खाना चाहिए और क्या नहीं। यह अस्वीकार्य है। बहुत देर तक नहीं चल सकता।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए खाना पकाने की पेशकश की है। अब इस मुद्दे पर बंगाल में राजनीति गरमा गई है। एक तरफ भाजपा ने इसे ममता बनर्जी का राजनीतिक एजेंडा करार दिया है, तो वहीं दूसरी तरफ सीपीआई (एम) ने इसे लेकर तृणमूल पर निशाना साधा। एक रैली में सीएम ममता ने आरोप लगाया था कि भाजपा अब लोगों के भोजन करने के तरीकों पर भी हस्तक्षेप कर रही है। तृणमूल प्रमुख ने कहा, मैं बचपन से खाना बना रही हूं और लोग मेरे बनाए भोजन को पसंद करते हैं। लेकिन क्या मोदी मेरे बनाए भोजन को स्वीकार करेंगे? क्या वह मुझ पर भरोसा करेंगे? पीएम मोदी को जो भी भोजन पसंद है, मैं वह बनाऊंगी। ममता बनर्जी ने कहा था कि देशभर में लोग अलग-अलग तरह का खाना पसंद करते हैं। भाजपा को किसी के भोजन से क्यों परेशानी हो रही है।

**पीएम को मछली भात खिलाना चाहती हैं ममता : भाजपा**

भाजपा नेता तथागत रॉय का कहना है कि ममता बनर्जी अपने हाथ की बनी मछली और चावल पीएम मोदी को खिलाना चाहती हैं। दूसरी ओर, भाजपा नेता शांकुदेब पांडा ने दावा किया कि ममता बनर्जी जान-बूझकर पीएम मोदी को भोजन खिलाना चाहती हैं, जबकि उन्हें पता है कि प्रधानमंत्री विशुद्ध रूप से शाकाहारी हैं।

**यह तृणमूल-भाजपा के संभावित समझौते का संकेत : माकपा**

माकपा के वरिष्ठ नेता और सांसद विकास भट्टाचार्य ने संदेह जताते हुए कहा कि यह भाजपा और तृणमूल के बीच संभावित समझौते का संकेत हो सकता है। उन्होंने कहा कि दोनों ही पार्टियां राजनीति को धर्म से जोड़ रही हैं। इस कारण देश आज ऐसी स्थिति का सामना कर रहा है।

# 'चुनाव में राम मंदिर न पहले मुद्दा था, न अब'

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी में कहा कि जिस दिन हिंदू-मुसलमान करूंगा, उस दिन सार्वजनिक जीवन में रहने योग्य नहीं रहूंगा। मैं कभी हिंदू-मुसलमान नहीं करूंगा, यह मेरा संकल्प है। सरकारी योजनाओं के माध्यम से लाभार्थियों को लाभान्वित कराते समय जाति या धर्म नहीं देखता हूं। प्रधानमंत्री मोदी गंगा पूजन के बाद मंगलवार को क्रूज पर सवार हुए और समाचार चैनल के प्रतिनिधियों से बात की। उनसे सवाल पूछा गया कि स्टेज पर जब आपने मुसलमानों का जिक्र किया तो घुसपैठिया और ज्यादा बच्चे पैदा करने वाला कहा। इसकी क्या जरूरत थी? इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं हैरान हूं कि इसे मुसलमानों से जोड़ा जा रहा है। जबकि, हमने इसके पहले न हिंदू कहा था और न मुसलमान कहा था। हमारे यहां किसी भी समाज में जहां गरीबी ज्यादा है, वहां बच्चे ज्यादा हैं। हमारा इतना ही कहना है कि उतने ही बच्चे हों, जिनका लालन-पालन आप आसानी से कर सकें। एक अन्य सवाल के जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव में राम मंदिर पहले भी मुद्दा नही था, आज भी नहीं है और भविष्य में भी नहीं रहेगा। राम मंदिर श्रद्धा का मुद्दा है। जिन्होंने राम मंदिर के निमंत्रण को ठुकरा दिया, उनको डर लगता है कि यह पाप अब हमें मार देगा। वह बहुत चिंता में हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव में लगभग 40 सीट के आसपास रहेगी।

## राजाभैया ने लिया फैसला

# लोकसभा चुनाव में जनसत्ता दल का किसी पार्टी को समर्थन नहीं



**प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के सिलसिले में समर्थकों से राय लेने के बाद अपनी चुप्पी तोड़ी। बोले वह किसी पार्टी का समर्थन नहीं करेंगे। इससे समर्थन की आस लगाए बैठे भाजपा व सपा नेताओं को झटका लगा। कार्यकताओं को इस बात की नसीहत भी दी कि मतदान को लेकर आपस में टकराव की नौबत न आए।

बेंती कोठी में शाम पांच बजे उमड़े हुजूम के बीच लोकसभा चुनाव को लेकर राजा भैया ने पहले चर्चा की। लोगों की राय जानी। सबकी बातों को सुनने के बाद राजा भैया ने ऐलान किया कि भाजपा व सपा किसी भी दल के पक्ष में मतदान करने के लिए वह समर्थकों से नहीं कहेंगे। कौशांबी व प्रतापगढ़ संसदीय सीट पर समर्थक अपने विवेक से योग्य प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करें। उनके सिर व गले में जनसत्ता दल का झंडा चमकता रहना चाहिए। परिवार के सदस्यों के विचार अलग हो सकते हैं। इसे लेकर किसी के बीच टकराव नहीं होना चाहिए। यदि वे उनकी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरते तो वह हमेशा की तरह उनके सुख दुख में साथ खड़े मिलेंगे। राजा भैया का फैसला भाजपा के लिए जोर का झटका माना जा रहा है।

# राहुल बोले, 'अमेठी और रायबरेली के लोग जब भी हमें पुकारेंगे, हम वहां मिलेंगे'



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह अपनी मां सोनिया गांधी के साथ एक एल्बम देख रहे हैं। इसमें दोनों नेता गांधी परिवार की अमेठी और रायबरेली से पुरानी यादों को लेकर बात कर रहे है। मां के साथ पुरानी तस्वीरें देखकर उन्हें पापा और दादी की याद आ जाती है।

राहुल गांधी ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, "रायबरेली और अमेठी हमारे लिए सिर्फ चुनाव क्षेत्र नहीं, हमारी कर्मभूमि है, जिसका कोना-कोना पीढ़ियों की यादें संजोए हुए है। मां के साथ पुरानी तस्वीरें देखकर पापा और दादी की याद भी आ गई, जिनकी शुरू की गई सेवा की परंपरा मैंने और मां ने आगे बढ़ाई। प्रेम और विश्वास की बुनियाद पर खड़े 100 वर्षों से भी पुराने इस रिश्ते ने हमें सब कुछ दिया है। अमेठी और रायबरेली जब भी हमें पुकारेंगे, हम वहां मिलेंगे।"वीडियो में राहुल गांधी ने अपनी मां सोनिया गांधी से पूछा, "आप रायबरेली पहली बार कब गईं?" जिस पर उन्होंने बताया, "1981-82 में मेडिकल कैंप के लिए जाते थे। दिल्ली के कई बड़े डॉक्टर हमेशा मदद के लिए आते थे।"

आगे राहुल गांधी कहते हैं, "हमारे परिवार का अमेठी और रायबरेली से 100 साल का रिश्ता है।" उन्होंने बताया, "हमारे परदादा ने रायबरेली से राजनीति की शुरूआत की थी। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ रायबरेली से आंदोलन की शुरूआत की थी।"आगे सोनिया गांधी, राहुल को बताती हैं, "परदादा के निधन के बाद दादी (इंदिरा गांधी) ने रायबरेली से चुनाव लड़ा।" इसके बाद राहुल गांधी कहते हैं, "जब मैं अमेठी से सांसद था, रायबरेली से लोग आए थे। आईटीआई के लोग आए थे। जिसे उस वक्त की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार बंद करना चाहती थी।"



'2 घंटे की यात्रा 20 मिनट में'

## ट्रांस हार्बर लिंक पर ड्राइव से रोमांचित हुईं

# रश्मिका मंदाना

शुक्रवार को 21.8 किलोमीटर लंबे अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति सेवरी-न्हावा शेवा अटल सेतु के खुलने से दक्षिण मुंबई और नवी मुंबई के बीच यात्रा बेहद सुविधाजनक हो गई है। एमटीएचएल अटल सेतु का नाम पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखा गया है और उम्मीद है कि यह मुंबई के परिवहन नेटवर्क के लिए गेम-चेंजर साबित होगा। इससे यात्रियों के लिए यात्रा के समय और ईंधन की खपत में काफी कमी आएगी।हाल ही में एएनआई के साथ एक साक्षात्कार में उसी अभिनेत्री के बारे में बात करते हुए रश्मिका मंदाना ने मुंबई-ट्रांस हार्बर लिंक (एमटीएचएल) अटल सेतु के निर्माण में भारत की बड़ी उपलब्धि के लिए अपना दिल व्यक्त किया। उनके मुताबिक, ₹दो घंटे का सफर 20 मिनट में तय किया जा सकता है। किसने सोचा था कि ऐसा कुछ संभव होगा। अब हम मुंबई से नवी मुंबई तक आसानी से यात्रा कर सकते हैं। भारत बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है और तेजी से बढ़ रहा है। तेज गति. अब हमें कोई नहीं रोक सकता."उन्होंने आगे विकास के मामले में अजेय भारत और वर्षों से फ्रैक्चर के साथ बढ़ते बुनियादी ढांचे के बारे में बात की, उन्होंने कहा, ₹अब, भारत किसी भी चीज के लिए मना नहीं करेगा। हम अब और रुकने के लिए तैयार नहीं हैं, जैसे कि हमारे देश के विकास को देखें पिछले 10 वर्षों में देश में बुनियादी ढांचे, सड़क योजना सब कुछ शानदार रहा है।"

## सलमान खान की मुन्नी ने ट्रोलर्स को दिया करारा जवाब



बजरंगी भाईजान' की मुन्नी यानी हर्षाली मल्होत्रा इन दिनों सातवें आसमान पर है और इस खुशी का कारण है मुन्नी का दसवीं का रिजल्ट। सोमवार 12 मई को 10वीं के सीबीएसई बोर्ड के रिजल्ट जारी किए गए, जिसमें अभिनेत्री हर्षाली मल्होत्रा ने कमाल कर दिया है, जिसको जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर की है और उन लोगों को करारा जवाब दिया है, जो उन्हें आए दिन ट्रोल करते रहे हैं। आइए जानें मुन्नी आखिर कितने नंबरों से पास हुए हैं।

### हर्षाली के 80 प्रतिशत से भी ज्यादा आए नंबर

सलमान खान के साथ काम कर चुकीं हर्षाली मल्होत्रा भले ही पर्दे से दूर हो, लेकिन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। आए दिन इंस्टाग्राम पर रील्स शेयर करती रहती हैं, जिसको लेकर लोगों ने उन्हें कई बार ताने भी मारे हैं। अब हर्षाली ने पढ़ाई में भी अच्छे नंबर आकर लोगों की बोलती बंद कर दी है। एक्ट्रेस ने देर रात अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो कॉमेंट सेक्शन में आए कुछ सवाल दिखाती नजर आ रही हैं। इन सवालों में किसी ने लिखा, 'बोड्र्स है पढ़ लो... रील बनाकर एग्जाम पास नहीं होते हैं। दूसरे ने लिखा, पूरे दिन रील ही बनाती हो क्या? तो वहीं किसी ने लिखा- कथक क्लास जाओगी तो पास कैसे करोगी?' इसके बाद वह बताती है कि उनके 10वीं सीबीएसई बोर्ड में 83 परसेंट आए हैं।



## मिस वर्ल्ड और एक्ट्रेस बनने से पहले इस पेशे में थीं

# मानुषी छिल्लर

मानुषी छिल्लर बॉलीवुड इंडस्ट्री में एक उभरता हुआ सितारा हैं और उन्होंने 2017 में मिस वर्ल्ड का ताज जीतकर देश को गौरवान्वित किया है। अपनी बुद्धिमत्ता, आत्मविश्वास और आकर्षण के साथ इस सुंदरता ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी जगह बनाना संभव बना दिया है। क्या आप जानते हैं? मनोरंजन उद्योग में प्रवेश करने से पहले वह डॉक्टर बनने की ख्वाहिश रखती थीं।हरियाणा की रहने वाली ब्यूटी क्वीन का जन्म डॉक्टर माता-पिता के यहां हुआ, उन्होंने बेंगलुरु और नई दिल्ली के सेंट थॉमस स्कूल में पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने सोनीपत में बीपीएस मेडिकल कॉलेज फॉर वुमेन, खानपुर कलां से एमबीबीएस की पढ़ाई की। वह कार्डियक सर्जन बनना चाहती थीं।मानुषी सुंदरता और दिमाग का एक सच्चा उदाहरण हैं, वह कई युवा उम्मीदवारों के लिए प्रेरणा हैं जो ऊंचे सपने देखना और अपने लक्ष्यों को हासिल करना चाहते हैं। इसके बाद उन्होंने मिस इंडिया प्रतियोगिता में भाग लिया और बाद में एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व किया और मिस वर्ल्ड का ताज घर वापस लाने वाली छठी महिला बनीं।आकर्षक सुंदरता एक प्रशिक्षित भारतीय शास्त्रीय नर्तक, कवि और चित्रकार है। 2022 में, मानुषी ने अक्षय कुमार के साथ पीरियड ड्रामा सम्राट पृथ्वीराज से अभिनय की शुरूआत की। इसके बाद उन्हें द ग्रेट इंडियन फैमिली और ऑपरेशन वेलेंटाइन जैसी एक और फिल्म मिली। उनकी हालिया रिलीज फिल्म बड़े मियां छोटे मियां थी।काम के मोर्चे पर, मानुषी अब जॉन अब्राहम के साथ तेहरान में अभिनय करने की तैयारी कर रही हैं। यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है! अभिनय से परे, अभिनेत्री एक उद्यमी भी बन गई है। उन्होंने हाल ही में अपना स्विमवीयर ब्रांड द्वीप लॉन्च किया है। वह एक अंतरराष्ट्रीय ब्रांड एस्टी लॉडर भी हैं और दिन-ब-दिन अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए ऊंचे लक्ष्य बना रही हैं।



## मनोज बाजपेयी ने याद की प्रतिक्रिया, लिया अभिनेता बनने का फैसला

बहुमुखी अभिनेता मनोज बाजपेयी ने अपने मनमोहक अभिनय से मनोरंजन उद्योग में एक विशिष्ट जगह बनाई है। उनकी विनम्र शुरूआत है और अब वह सबसे प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक हैं।पिंकविला के साथ एक साक्षात्कार में, प्रतिभाशाली अभिनेता ने अभिनेता बनने की अपनी प्रेरक यात्रा साझा की। मैंने उन चुनौतियों के बारे में बात की है जिनका उन्होंने सामना किया और सफलता हासिल करने के लिए उन्होंने जो कड़ी मेहनत की। मनोज ने कहा, "बचपन से ही मेरा सपना अभिनेता बनने का था. मैं बिहार से हूं, मेरे पिता बहुत फिल्में देखते थे और जैसे-जैसे मैं बड़ा होने लगा, मेरे सपने, दृष्टिकोण और अभिनेता बनने का लक्ष्य भी दिन-ब-दिन बढ़ता गया।उन्होंने आगे कहा, ह्लअब लोग अच्छे हैं, लेकिन पुराने समय में मेरे गांव में अगर कोई अभिनेता बनना चाहता था तो लोग इसे कभी स्वीकार नहीं करते थे। वे उन्हें भांड कहकर बुलाते थे, और कहते थे 'ये क्या बंद गिरी करने लगे तुम' और दूसरी बात वे आपको अभिनेता बनने की राह में न जाने देने की हर संभव कोशिश करते हैं। आप गांव में रहते हैं, और 22 साल की उम्र में शादी कर लेते हैं, और 24 साल की उम्र में पिता बन जाते हैं। फिर मैंने अपने परिवार से झूठ बोला कि मैं दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ रहा हूं।जटिल किरदारों को गहराई और प्रामाणिकता के साथ चित्रित करने की अपनी क्षमता के लिए प्रसिद्ध, मनोज ने सत्या, गैंग्स ऑफ वासेपुर और अलीगढ़ जैसी फिल्मों में अपनी अविस्मरणीय भूमिकाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है।



# चेन्नई सुपर किंग्स ने मैच में आरआर पर 5 विकेट से जीत दर्ज की

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 61वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया है, जिससे प्लेऑफ के लिए क्वालीफाइंग में केवल एक गेम शेष रह गया है। शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद, जिसने राजस्थान रॉयल्स को 20 ओवरों में 141/5 पर रोक दिया, रुतुराज गायकवाड़ ने एक सच्ची कप्तान की पारी खेली और नाबाद 42 रन बनाए, क्योंकि युवा सलामी बल्लेबाज शक्तिशाली गेंदबाजी आक्रमण के सामने चट्टान की तरह खड़ा था और अपनी टीम को मजबूत कर रहा था। एक आरामदायक जीत.

हालांकि गायकवाड़ ने एंकर के रूप में भूमिका निभाई, यह रचिन रवींद्र, डेरिल मिशेल और शिवम दुबे की विस्फोटक क्षमता थी जिसने सीएसके को आसानी से जीत दिलाई, तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह और तुषार देशपांडे की बेहतरीन गेंदबाजी प्रयासों के साथ ठोस बल्लेबाजी ने चेन्नई सुपर किंग्स को लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में मदद की। पूरे खेल में दबाव डाला और एक महत्वपूर्ण जीत हासिल की। 142 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई को न्यूजीलैंड के धुरंधर रचिन रवींद्र की बदौलत तेज शुरूआत मिली। कीवी सलामी बल्लेबाज ने ट्रेंट बोल्ट और संदीप शर्मा की शुरूआती गेंदबाजी जोड़ी को निशाना बनाया। यहां तक कि जब उन्होंने संदीप शर्मा को मिड-विकेट पर छक्का जड़ने के लिए 'हेलीकॉप्टर शॉट' की अपनी विविधता को मारा तो उन्होंने भीड़ को उन्माद में डाल दिया।



# धोनी को अमेरिका जाना है बेहद पसंद

## माही ने वजह बताकर किया हैरान



चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने खुलासा किया कि दुनिया में उन्हें अमेरिका घूमना सबसे ज्यादा पसंद है। जहां अमेरिका अपने लुभावने परिदृश्यों और समृद्ध संस्कृति के लिए कई लोगों के सपनों की मंजिल होती है, वहीं धोनी को यहां गोल्फ, भोजन और दोस्ती मिलती है। चेन्नई सुपरकिंग्स के एक प्रमोशनल इवेंट में एमएस धोनी ने खुलासा किया कि अमेरिका में न्यू जर्सी शहर उनकी सबसे पसंदीदा जगह है। माही ने कहा कि वो वो न्यू जर्सी में अपने दोस्त के घर जाते हैं और फिर वो लोग घंटों गोल्फ खेलते हैं। ब्रेक में अच्छे खाने का लुत्फ उठाते हैं।

### धोनी ने क्या कहा

"ऐसा नहीं कि हम बहुत काम करते हैं। हम न्यू जर्सी में जाकर गोल्फ खेलते हैं। मैं अपने दोस्त के घर जाता हूं और वहां से गोल्फ की जगह करीब ढाई मिनट की दूरी पर है।" इवेंट के एक सदस्य ने मजाकिया लहजे में पूछ लिया कि वो दोस्त कौन है पूर्व भारतीय कप्तान ने अपने जवाब से सस्पेंस बरकरार रखा। धोनी ने कहा, "मेरे दोस्त के साथ। ज्यादा लोग उसे नहीं जानते।" 42 साल के धोनी ने कहा कि उन्हें छुट्टी में कुछ करना पसंद नहीं है, लेकिन गोल्फ खेलना और भोजन का आनंद उठाना पसंद है। धोनी को क्रिकेट की आपा-धापी के बाद ऐसे में काफी शांति और राहत महसूस होती है।

### अमेरिका को क्यों चुना

हम चार से साढ़े चार घंटे गोल्फ खेलते हैं। फिर बैठते हैं अपना खाना खाते हैं और अगले दिन फिर यही करते हैं। तो कुछ नहीं करना और बस 15-20 दिन गोल्फ खेलना व खाना खाने का आनंद उठाना अच्छा लगता है। क्लब में मेंबर-मेंबर टूनामेंट होता है तो उसमें हिस्सा लेते हैं और वापस आ जाते हैं। मेरे लिए यह बेस्ट 15-20 दिन होते हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बताया था कि धोनी टी20 वर्ल्ड कप के दौरान अमेरिका जाएंगे। रोहित ने मजाक में कहा कि धोनी को भारतीय टीम के पास बुलाने के लिए राजी करना आसान नहीं है। बता दें कि एमएस धोनी इस समय चोटिल होने के बावजूद आईपीएल में खेलना जारी रख रहे हैं और अपने प्रदर्शन से फैंस का भरपूर मनोरंजन कर रहे हैं।

# जम्मू-कश्मीर एमएमए टीम ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में चमकाया जलवा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) टीम ने 8 से 12 मई तक छत्तीसगढ़ में आयोजित 7वीं एमएमए इंडिया नेशनल चैंपियनशिप में असाधारण प्रदर्शन के साथ इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया है। एक बयान में कहा गया है कि 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच, लगभग 550 प्रतिभागियों के साथ, जम्मू-कश्मीर टीम ने अद्वितीय कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। जम्मू-कश्मीर दल ने 11 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य पदक जीतकर अपनी अलग पहचान बनाई, जिसका समापन प्रतिष्ठित प्रथम रनर-अप ट्रॉफी के रूप में हुआ। यह उल्लेखनीय उपलब्धि उत्कृष्टता के प्रति टीम की अटूट प्रतिबद्धता और एमएमए क्षेत्र में उनके असाधारण कौशल को रेखांकित करती है। एक अतिरिक्त जीत में, जम्मू-कश्मीर टीम के सभी सीनियर और जूनियर स्वर्ण पदक विजेताओं को जुलाई में लाहौर, पाकिस्तान में होने वाली आगामी एशियाई एमएमए चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। यह प्रतिष्ठित अवसर न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा को दर्शाता है बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर जम्मू-कश्मीर एमएमए टीम की सामूहिक ताकत की भी पुष्टि करता है।

# दिल्ली ने लखनऊ को 19 रनों से हराया



इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन में ऋषभ पंत की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स धमाल कर दिया है. दिल्ली टीम ने मंगलवार (14 मई) को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच खेला, जिसमें 19 रनों से जीत दर्ज की. प्लेऑफ के लिहाज से यह दिल्ली के लिए करो या मरो का मैच था. ग्रुप स्टेज में दिल्ली के सभी 14 मैच हो गए हैं, जिसमें से उसने 7 में जीत दर्ज की. पॉइंट्स टेबल में 14 अंक के साथ दिल्ली टीम अब पांचवें नंबर पर पहुंच गई है. उसे प्लेऑफ में पहुंचने के लिए सनराइजर्स हैदराबाद, चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ टीम की हार की दुआ करनी होगी. हालांकि इन सबके बावजूद दिल्ली का प्लेऑफ में पहुंचना मुश्किल लग रहा है. इसका कारण उसका खराब नेट रनरेट है. दूसरी ओर लखनऊ टीम का अभी आखिरी मैच बाकी है. उसने अब तक 13 में से 6 मैच जीते हैं और उसके 12 अंक हैं.

# 15 मई 2024 का राशिफल

**मेष राशि-** कार्यक्षेत्र में आज किसी उच्च अधिकारी से अनबन हो सकती है।अपनी वाणी पर संयम रखे।व्यापार में शत्रु पक्ष हावी हो सकता है,इसलिए सावधानी बरतें। जीवनसाथी के साथ आज संबंध मधुर रहेंगे।वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

**वृषभ राशि-** आर्थिक मोर्चे पर आज का दिन सामान्य रहने वाला है। वाहन आदि खरीदने का योग है ।वैवाहिक जीवन में अनुकूलता रहेगी लेकिन जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा।

**मिथुन राशि-** अगर आप नौकरी की तलाश में हैं तो आज आपको कोई अच्छी नौकरी का प्रस्ताव मिल सकता है ।आज किसी से कोई वादा सोच विचार कर करें। फिजूल खर्च करने से बचें। लम्बी यात्रा का योग है,जो आपके लिए लाभदायक रहेगा।

**कर्क राशि-** परिवार में सुख और शांति बनी रहेगी ।भाई बहनों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।आज आय के नए स्त्रोत प्राप्त होने से आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे।अपनी वाणी पर नियंत्रण रखे ।

**सिंह राशि-** कार्यक्षेत्र में अपने काम पर आज ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।आपकी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है।घर के किसी सदस्य से अनबन हो सकती है। धैर्य से काम लें,अन्यथा मामला गंभीर हो सकता है ।

**कन्या राशि-** अपने जरूरी कामों को आज ही निपटाने की कोशिश करे।आज अपने परिवार और बच्चों के साथ कुछ अच्छा समय व्यतीत कर पायेंगे ।स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।आर्थिक हानि होने की संभावना है,सोच समझकर खर्च करें ।

**तुला राशि-** आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। लम्बे समय से चली आ रही किसी परेशानी से आज आपको छुटकारा मिल सकता है। आज जीवनसाथी से आपको कोई खास सरप्राइज मिल सकता है, जिसे पाकर आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक राशि-** आज खर्चों में इजाफा होने से आपका बजट गड़बड़ हो सकता है। आज कार्यक्षेत्र में थोड़ी मुश्किलें आ सकती हैं। स्वास्थ्य सम्बंधित परेशानी हो सकती है। खुद का ध्यान रखें। लेन देन का ध्यान रखे।

**धनु राशि-** आज का दिन आपके लिए शुभ रहने वाला है। आज व्यापार को लेकर की गयी यात्रा शुभ और लाभदयक रहेगी। नौकरी में परिवर्तन का योग है। आज आपको कुछ अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आर्थिक मोर्चे पर आज का दिन अच्छा रहेगा।

**मकर राशि-** आज का दिन आपके लिए बेहद खास है। आज आपको कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान प्राप्त होगा। आज लाभ का योग है। व्यापार में आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। वैवाहिक जीवन में अनुकूलता बनी रहेगी। यात्रा और मनोरंजन के लिए आज का दिन अच्छा है।

**कुम्भ राशि-** आज धन हानि होने की सम्भावना है। आज लेन देन से बचें। कोई भी नया काम शुरू करने से पहले अपने बड़ों की सलाह लेना न भूलें। आज आप लम्बी यात्रा कर सकते हैं जो बहुत ही लाभकारी साबित होगी।

**मीन राशि-** आज पारिवारिक सदस्यों का सहयोग प्राप्त होने से आपके मनोबल में भी वृद्धि होगी। आज जीवनसाथी से किसी बात पर मनमुटाव हो सकता है। सेहत के प्रति किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें।

# बच्चे निखार रहे प्रतिभा

- जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में चल रहा है ग्रीष्मकालीन शिविर
- एक सप्ताह तक शिविर में बच्चे लेंगे पसंदीदा एक्टिविटी में भाग



एनएनआई

**आगरा।** जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में एक सप्ताह तक चलने वाले ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चे जमकर लुत्फ उठा रहे हैं। इस समर कैंप में बच्चों ने स्विमिंग, स्केटिंग, ताइक्वांडो, भारतीय और पाश्चात्य नृत्य, संगीत, क्रिकेट, फुटबॉल, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल, राइफल शूटिंग, बैडमिंटन, किचन केमिस्ट्री, क्ले मॉडलिंग, म्यूजिक वोकल, आर्ट एंड क्राफ्ट, इंस्ट्रुमेंटल संगीत, ड्रामाटिक, स्टेम एण्ड रोबाटिक्स आदि में भाग लेकर अपनी प्रतिभाओं को और विकसित किया। बच्चे जहां अपनी पसंद की एक्टिविटी का जमकर आनंद ले रहे थे। वहीं विभिन्न पहलुओं की जानकारी भी ले रहे हैं।



विद्यालय के एक्सपर्ट बच्चों को प्रत्येक क्रियाकलाप के बारे में बता रहे हैं। साथ ही बच्चों को उनके पसंदीदा हुनर को निखार भी रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पुनीत वशिष्ठ ने बताया कि सप्ताह भर तक चलने वाले शिविर में बच्चों के लिए कई तरह के क्रियाकलापों को शामिल किया गया है। इसके लिए विद्यालय मे शिक्षकों की व्यवस्था की गई है। साथ ही बच्चों की सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

## जय सचदेवा को बेबसन कॉलेज ने मास्टर्स डिग्री से नवाजा



एनएनआई

**आगरा।** पारस पर्ल्स अपार्टमेंट में रहने वाले के बैंक के मुख्य प्रबंधक रहे सुशील सचदेवा और मधु सचदेवा के सुपुत्र जय सचदेवा को विश्व के सर्वाधिक चर्चित और विख्यात बेबसन कॉलेज यूएसए ने मास्टर्स इन बिसनेस एडमिनिस्ट्रेशन की डिग्री से सम्मानित किया है। अध्ययन के दौरान जय सचदेवा कॉलेज के डिजाइन थिंकिंग क्लब के प्रेजिडेंट और एचईएलवी के ग्रेजुएट स्टूडेंट अम्बेसडर रहे। दयालबाग इंजीनियरिंग कॉलेज से मैकेनिकल में बी टेक जय सचदेवा की इस सफलता पर परिजन और शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

## विद्यार्थियों को दिखाई भविष्य की राह



- सेंट पीटर्स कॉलेज में करियर काउंसलिंग में विद्यार्थियों को दिए गए टिप्स

एनएनआई

**आगरा।** सेंट पीटर्स कॉलेज में करियर काउंसलिंग में विद्यार्थियों को भविष्य की राह दिखाई गई। करियर कार्यशाला में विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी शाखाओं में अनोखे करियर के बारे में जानकारी डॉ. ईभा गर्ग निदेशक करियर जेन ने दी। कार्यशाला में विद्यार्थियों को उनके करियर के विकल्पों को समझने और नए क्षेत्रों में रुचि लेने का अवसर प्रदान किया गया। इसके अलावा विद्यार्थियों को उनकी सोच को बदलने और नई संभावित दिशाओं की ओर ध्यान केंद्रित कराया गया। डॉ. ईभा गर्ग ने बताया कि सफलता की कुंजी विद्यार्थियों की प्रतिभा में निहित है। उन्हें अपनी प्रतिभाओं को पहचानने और विकसित करने को सदैव तैयार रहना चाहिए। विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपनी पेशेवर और व्यक्तिगत दक्षता का संदर्भ खोजें और अपने करियर में उसे कैसे लागू करें सहित अन्य विकल्पों के बारे में बताया गया। बताया कि इरादों को साकार करने के लिए संगठित कैसे रहना चाहिए। इस दौरान विद्यार्थियों ने नई ऊंचाइयों को हासिल करने के लिए कदम बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यशाला में योगदान देने वाले फादर जैकब, मनीष मगन, श्रॉफ सर और अनुभव खंडेलवाल का धन्यवाद किया गया। काउंसलिंग में मनीष राय, अंकुर कंसल, ज्योति चौधरी आदि मौजूद रहे।




